Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding electrification of villages in Nandurbar, Maharashtra.

डॉ. हिना विजयकुमार गावीत (नन्दुरबार): सभापति जी, माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने वर्ष 2014 में उन सभी गांवों को बिजली पहुंचाने का कार्य किया, जहां स्वतंत्रता के पिछले 60 वर्षों में बिजली प्राप्त नहीं हुई थी । ऊर्जा मंत्रालय द्वारा 'सौभाग्य योजना' गरीब लोगों को बिजली से जोड़ने के लिए खास तौर पर शुरू की गई है । मेरे लोक सभा क्षेत्र नन्दुरबार में 67391 घर ऐसे हैं, जिन्हें अभी तक बिजली प्राप्त नहीं हुई है और 23 हजार घर ऐसे हैं, जिन्हें अनकंवेंशनल सोर्स से, यानी सोलर बिजली दी जा रही है । मेरी सरकार से मांग हैं कि 67391 घरों को जल्द से जल्द बिजली पहुंचाई जाए और 23 हजार घर जिन्हें सोलर से बिजली दी जा रही है, उन्हें भी कंवेंशनल सोर्स से जोड़ा जाए ।